वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2011-12

The Bank that begins with U

युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
(भारत सरकार का उपक्रम)
आपका बैंक

United Bank of India
(A Govt. of India Undertaking)
The Bank that begins with U

www.unitedbankofindia.com

माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री को लाभांश का चेक प्रदान करते हुए

Handing over Dividend Cheque to Hon'ble Union Finance Minister

श्री भास्कर सेन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रणव मुखर्जी, माननीय केन्द्रीय वित्तमंत्री को श्री एस. एल. बंसल, भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक, यु बी आई, श्री एस. के. जिंदल, भूतपूर्व निदेशक, यु बी आई एवं श्री विनय गंदोत्रा, उप-महाप्रबंधक एवं मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक, यु बी आई, उत्तर भारत क्षेत्र की उपस्थिति में वित्तीय वर्ष 2010-11 के लाभांश का चेक प्रदान करते हुए।

Shri Bhaskar Sen, CMD-UBI, handing over the dividend cheque for the FY 2010-11to Shri Pranab Mukherjee, Hon'ble Union Finance Minister in the presence of Shri S. L. Bansal, the then ED-UBI, Shri S. K. Jindal, the then Director, UBI and Shri V. Gandotra, DGM & CRM, UBI, North India Region.

विषय-सूची CONTENTS

• निदेशक मंडल Board of Directors	2-3
• महाप्रबंधकगण General Managers	4-5
• बैंक का संक्षिप्त इतिहास और संकल्प Brief History & Vision Statement of the Bank	7
• निष्पादन की एक झलक Performance at a glance	8-9
• शेयरधारकों को संदेश Message to the Shareholders	10-14
• सूचना Notice	15-20
• निदेशकों की रिपोर्ट Directors' Report	21-35
• प्रबंधन विचार-विमर्श और विश्लेषण Management Discussion and Analysis	36-56
• कंपनी अभिशासन की रिपोर्ट Corporate Governance Report	57-86
• घोषणा Declaration	87
• सूचीकरण करार के खण्ड 49V के अनुसार प्रमाणपत्र Certificate Pursuant to Clause 49V of the Listing Agreement	88
• कंपनी अभिशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र Auditors' Certificate on Corporate Governance	89
• लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट Auditors' Report	90-92
• 31 मार्च, 2012 का तुलन-पत्र Balance Sheet as on 31st March 2010	94-95
• अनुसूची 1 - अनुसूची 12 Schedule 1 - Schedule 12	96-107
• 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष का लाभ-हानि लेखा Profit & Loss Account for the year ended 31st March 2012	108-109
• अनुसूची 13 - अनुसूची 18 Schedule 13 - Schedule 18	110-143
• 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष का नकदी प्रवाह विवरण Cash Flow Statement for the year ended 31st March 2012	144-145
• पीलर-3 के अंतर्गत नयी पूँजी पर्याप्तता ढाँचा प्रकटीकरण New Capital Adequacy Framework Disclosures Under Pillar-3	146-162

निदेशक मंडल BOARD OF DIRECTORS



श्री भास्कर सेन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
Shri Bhaskar Sen
Chairman & Managing Director



श्री दीपक नारंग
कार्यपालक निदेशक
Shri Deepak Narang
Executive Director

श्री संदीप कुमार
सरकार द्वारा नामजद निदेशक
Shri Sandeep Kumar,
Govt. of India Nominee Director,

श्रीमती सुरेखा मरांडी
भारतीय रिज़र्व बैंक की नामजद निदेशक
Smt. Surekha Marandi
Reserve Bank of India
Nominee Director



श्री सुनील गोयल
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक
(सनदी लेखाकार वर्ग)
Shri. Sunil Goyal
Part-time Non-official Director under
CA Category

श्री हिरण्य बोरा
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक
Shri Hiranya Bora
Part-time Non-Official Director

श्री श्रेणिक सेठ
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक
Shri Srenik Sett
Part-time Non-Official Director

श्री किरण बी. वादोदरिया,
अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक
Shri Kiran B Vadodaria
Part-time Non-official Director



श्री पीयूष कांति घोष
अधिकारी कर्मचारी निदेशक
Shri. Pijush Kanti Ghosh
Officer Employee Director



श्री सौमित्र तलापात्र
कामगार कर्मचारी निदेशक
Shri Soumitra Talapatra
Workmen Employee Director

श्री सौमेन मजुमदार
शीयरधारक निदेशक
Shri Saumen Majumder
Shareholder Director

निदेशक मंडल

BOARD OF DIRECTORS

बैठे हुए (बाएं से दाएं): श्रीमती सुरेखा मरांडी, भारतीय रिज़र्व बैंक की नामित निदेशक, श्री हिरण्य बोरा, अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक, श्री भास्कर सेन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री दीपक नारंग, कार्यपालक निदेशक, श्री संदीप कुमार, भारत सरकार के नामित निदेशक।

खड़े हुए (बाएं से दाएं): श्री सौमेन मजुमदार, शेयरधारक निदेशक, श्री श्रेनिक सेट, अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक, श्री सुनील गोयल, अंशकालिक गैर कार्यालयीन निदेशक (सनदी लेखाकार वर्ग), श्री किरण बी वादोदरिया, अंशकालिक गैर-कार्यालयीन निदेशक, श्री सौमित्र तलापात्र, कामगार कर्मचारी निदेशक, श्री पीयूष कांति घोष, अधिकारी कर्मचारी निदेशक।

Sitting L to R : Smt. Surekha Marandi, Reserve Bank of India Nominee Director, Shri Hiranya Bora, Part-time Non-Official Director, Shri Bhaskar Sen, Chairman & Managing Director, Shri Deepak Narang, Executive Director, Shri Sandeep Kumar, Govt. of India Nominee Director.

Standing L to R : Shri Saumen Majumder, Shareholder Director, Shri Srenik Sett, Part-time Non-Official Director, Shri. Sunil Goyal, Part-time Non-official Director under CA Category, Shri Kiran B Vadodaria, Part-time Non-official Director, Shri Soumitra Talapatra, Workmen Employee Director, Shri. Pijush Kanti Ghosh, Officer Employee Director

महाप्रबंधकगण GENERAL MANAGERS



श्री रंजन कुमार महांति
Shri Ranjan Kumar Mohanty

श्री अंबरीश नन्दा
Shri Ambarisha Nanda



श्री प्रदीप कुमार दत्त
Shri Pradip Kumar Dutta

सर्वोच्च प्रबंधन TOP MANAGEMENT

बाएं से दाएं : श्री प्रदीप कुमार दत्त, महाप्रबंधक, श्री रंजन कुमार महांति, महाप्रबंधक, श्री भास्कर सेन, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री दीपक नारंग, कार्यपालक निदेशक, श्री अंबरीश नन्दा, महाप्रबंधक

L to R : Shri Pradip Kumar Dutta, GM, Shri Ranjan Kumar Mohanty, GM, Shri Bhaskar Sen, CMD, Shri Deepak Narang, ED and Shri Ambarisha Nanda, GM.

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी :

श्री बिक्रमजित सोम

रजिस्ट्रारएवं शेयर ट्रांसफर एजेंट :

लिंक इनटाइम प्रा. लि.
सी–13 पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड्स
एल बी एस रोड, भांडुप (प)
मुंबई – 400 078

सांविधिक केंद्रीय लेखा परीक्षक :

मेसर्स जॉर्ज रीड ऐंड कंपनी
मेसर्स डी. के. छाजर ऐंड कंपनी
मेसर्स एम. चौधुरी ऐंड कंपनी
मेसर्स एम. सी. भंडारी ऐंड कंपनी
मेसर्स रमेश सी. अग्रवाल ऐंड कंपनी
मेसर्स दिनेश मेहता ऐंड कंपनी

पंजीकृत कार्यालय का पता :

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
युनाइटेड टावर
11 हेमंत बसु सरणी
कोलकाता – 700 001

Company Secretary & Compliance Officer:

Bikramjit Shom

Registrar & Share Transfer Agent:

Link Intime India Pvt. Ltd.
C-13 Pannalal Silk Mills Compound
L B S Road, Bhandup (W)
Mumbai – 400078

Statutory Central Auditors:

M/s. George Read & Co.
M/s. D. K. Chhajer & Co.
M/s. M. Choudhury & Co.
M/s. M. C. Bhandari & Co.
M/s. Ramesh C Agrawal & Co.
M/s. Dinesh Mehta & Co.

Registered Office Address:

United Bank of India
United Tower
11 Hemanta Basu Sarani
Kolkata – 700001

Website
www.unitedbankofindia.com
E-mail
investors@unitedbank.co.in

बैंक का संक्षिप्त इतिहास

युनाइटेड बैंक का इतिहास 1914 से शुरु होता है। कुमिल्ला बैंकिंग कारपोरेशन लिमिटेड (1914 में खुला था), कुमिल्ला युनियन बैंक लिमिटेड (1922 में खुला था) और हुगली बैंक (1932 में खुला था) 12 अक्टूबर, 1950 को बंगाल सेन्ट्रल बैंक लिमिटेड में समामेलित हुआ। यह बैंक 1918 में बंगाल सेंट्रल लोन कम्पनी लिमिटेड के रुप में खुला था। इनके समामेलन से 18 दिसम्बर, 1950 को युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया लिमिटेड बना। 19 जुलाई, 1969 को 13 अन्य बैंकों के साथ साथ इस बैंक का भी राष्ट्रीयकरण हुआ और तदनुरूप एक नए बैंक के रुप में इसका उद्भव हुआ। बाद में कटक बैंक लिमिटेड, तेजपुर इंडस्ट्रियल बैंक लिमिटेड, हिन्दुस्तान मर्कांटाइल बैंक लिमिटेड और नारंग बैंक ऑफ़ इंडिया लिमिटेड का भी इस बैंक में विलयन हुआ। बैंक का प्रधान कार्यालय 4, क्लाइव घाट स्ट्रीट (संप्रति इसे एन. सी. दत्त सारणी के नाम से जाना जाता है) में था जिसे 1971 में मौजूदा प्रधान कार्यालय, युनाइटेड टावर में शिफ्ट किया गया।

BRIEF HISTORY OF THE BANK

History of United Bank of India dates back to 1914. Comilla Banking Corporation Ltd. (established in 1914), Comilla Union Bank Ltd. (established in 1922) and Hooghly Bank Ltd. (established in 1932) amalgamated with Bengal Central Bank Ltd., formed on October 12, 1950, originally established in 1918 as Bengal Central Loan Company Ltd. to form United Bank of India Ltd. on December 18, 1950. On July 19, 1969, the Bank was nationalized along with 13 other Banks as a Corresponding New Bank. Subsequently, Cuttack Bank Ltd., Tezpur Industrial Bank Ltd., Hindustan Mercantile Bank Ltd., and Narang Bank of India Ltd. were merged with the Bank. The Head Office of the Bank was situated at 4, Clive Ghat Street (presently known as N. C. Dutta Sarani), Kolkata - 700001 from where it was shifted to United Tower, it's present Head Office in 1971.

युनाइटेड संकल्प
United Vision

हमारा संकल्प व्यावसायिकता, विश्वास एवं पारदर्शिता के वातावरण में, समष्टि अभिशासन और सामाजिक उत्तरदायित्वों के उच्चतम मानकों को अपनाकर, समस्त स्वत्वाधारियों की अपेक्षाओं और अपने कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं की पूरा करने और जोखिम प्रबंधन पर समुचित बल देते हुए, हमारे देश के एक, व्यवसाय वृद्धि एवं लाभप्रदता पर केंद्रीभूत, गतिशील, प्रौद्योगिकी उन्नत, ग्राहक हितेषी, प्रगामी, आर्थिक रूप में सुदृढ़, अखिल भारतीय बैंक के रूप के रूप में उभरना हैं।
सारत:, सर्वोकृष्टता की प्राप्ति ही, हमारे बैंक का आंतरिक दर्शन और प्रेरणास्रीत होगा।

To emerge as a dynamic, techno savvy, customer- centric, progressive and financially sound premier bank of our country with pan India presence, sharply focused on business growth and profitability, with due emphasis on risk management in an environment of professionalism, trust and transparency, observing highest standards of corporate governance and corporate social responsibilities, meeting the expectations of all its stakeholders as well as the aspirations of its employees.

Essentially, Pursuit of Excellence is going to be core philosophy and driving force for the bank.

वित्तीय वर्ष 2011-12 के निष्पादन की मुख्य बातें

- शुद्ध लाभ में 20.7% की वृद्धि
- परिचालनगत लाभ में 21.4% की वृद्धि
- शुद्ध ब्याज आय में 14.3% की वृद्धि
- गैर-ब्याज आय में 15.0% की वृद्धि
- अग्रिमों में 18.4% की वृद्धि
- जमा में 14.5% की वृद्धि
- पूंजी पर्याप्तता 12.69%; पर, टीयर 1- 8.79 % पर
- औसत आस्तियों के प्रतिफल में 0.70% प्रतिशत सुधार (पिछले वर्ष वह 0.66% था)
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में दिए जाने वाले अग्रिमों में 25.4% की वृद्धि
- एम एस एम ई अग्रिमों में 18.4% की वृद्धि

Performance Highlights of Financial Year 2011-12

- Net Profit up by 20.7%
- Operating Profit up by 21.4%
- Net Interest Income up by 14.3%
- Non-Interest Income up by 15.0%
- Advances up by 18.4%
- Deposits up by 14.5%
- Capital Adequacy at 12.69%; Tier 1 at 8.79 %
- Return on Average Asset improved at 0.70% (Last Year 0.66%)
- Advances to Priority Sector grew by 25.4%
- MSME Advances grew by 18.4%

कार्य-निष्पादन की एक झलक
PERFORMANCE AT A GLANCE

राशि करोड़ ₹ में
Amount in ₹ Crore

मानदंड / Parameters	2009-10	2010-11	2011-12
शाखाओं की संख्या / No. of Branches	1534	1597	1680
पूंजी / Capital			
ईक्विटी / Equity	316.43	344.42	361.00
पी एन सी पी एस / PNCPS	550	800	800
प्रारक्षित एवं अधिशेष / Reserve & Surplus	3036.5	3877.26	4418.69
पूंजी पर्याप्तता / Capital Adequacy			
बैसेल I / Basel I	11.02%	11.16%	10.48%
बैसेल I / Basel II	12.80%	13.05%	12.69%
सकल लाभ / Gross Profit	876	1507	1829
शुद्ध लाभ / Net Profit	322	523.97	632.53
कुल जमा / Total Deposit	68180	77845	89116
औसत जमा / Average Deposit	62025	67855	76242
प्रतिशत वृद्धि / Per Cent Increase	36%	9%	12%
सकल अग्रिम / Gross Advances	42756	53934	63873
औसत सकल अग्रिम / Average Gross Advances	38867	46196	53433
प्रतिशत वृद्धि / Per Cent Increase	34%	19%	16%
कुल व्यवसाय / Total Business	110936	131779	152989
प्रतिशत वृद्धि / Per Cent Increase	23%	18.80%	16.10%
निवेश / Investments	26068	26259	29059
प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र अग्रिम / Advances to Priority Sector	14396	17751	22258
शुद्ध जमा का प्रतिशत / ए एन बी सी / Per Cent of Net Credit / ANBC	40.29%	41.52%	41.30%
कुल कर्मचारी / Total Staff	15285	15062	15500
प्रति कर्मचारी व्यवसाय / Business Per Employee	7.14	8.60	9.70
सी बी एस शाखाओं की संख्या / No. of CBS Branches	1534	1597	1680

शेयरधारकों को संदेश



प्रिय शेयरधारकगण,

2011-12 के वित्तीय परिणामों के संबंध में आपको रिपोर्ट देते हुए मैं खुश हूँ क्योंकि युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का 2011-12 का यह परिणाम सुधरा हुआ और मजबूत मुनाफा दर्शाता है। एक महत्वपूर्ण आर्थिक कशमकश का सामना करते रहने के बावजूद, सूचीकरण के बाद से लगातार तीसरे वर्ष हमारे बैंक की शुद्ध आय में अच्छी-खासी वृद्धि हुई, हम अपने शेयरधारकों को वर्धित वार्षिक लाभांश की अनुशंसा करते रहे और अपने नियामक एवं मूर्त पूंजी अनुपात को महत्वपूर्ण मजबूती प्रदान करते रहे। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रतिशेयर शुद्ध आय और अर्जन अधिक रहा और कुल व्यवसाय ₹1,50,000/- करोड़ से अधिक का हुआ। इसके फलस्परूप हमारा बैंक अब मध्यम आकार के बैंक की श्रेणी का हो गया है।

हमारा निष्पादन

प्रति शेयर बैंक का तनूकृत अर्जन (डाइल्यूटेड अर्निंग्स) पिछले वर्ष ₹14.38 था और शुद्ध ब्याज आय ₹2169.34 करोड़ थी। 2010 में प्रति शेयर तनूकृत अर्जन ₹10.18 था और शुद्ध ब्याज आय ₹1391.22 करोड़ थी। कार्य निष्पादन में यह प्रत्यक्ष सुधार शुद्ध ब्याज आय में ₹310 करोड़ की वृद्धि, गैर ब्याज आय में ₹100 करोड़ की वृद्धि और वसूली एवं उन्नयन के जरिए अनर्जक आस्तियों में ₹144 करोड़ की कमी के परिणाम-स्वरूप हुआ था। यह प्रदर्शन और अधिक आकर्षक हो सकता था- यदि हम इसमें गिरावट की स्थिति को रोक पाने में सफल होते। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमने अल्प लागत जमा को बरकरार रखा (40.8%), उच्च लागत वाली थोक जमा राशिओं की हिस्सेदारों कम की (23% से 18%), खर्च पर कड़ा नियंत्रण रखा (6.5% की बढ़ोत्तरी), संरक्षित पूंजी में बढ़ोत्तरी की (भारतीय जीवन बीमा निगम को ₹1.65 करोड़ शेयर आबंटित)। बैंक की आंतरिक शक्ति की वृद्धि में इन सबों का योगदान रहा।

अर्थ व्यवस्था में मंदी और सक्षम ग्राहकों की ओर से ऋण की मांग में कमी की प्रतिच्छाया जमा राशि में हुई महज 14.4% की वृद्धि में दिखी और 2010-11 की जमाराशि ₹77845 करोड़ की तुलना में इस वर्ष वह ₹89116 करोड़ रही। तथापि ऋण में बढ़ोत्तरी परम्परागत गति की रही और इसमें 18.4% की वृद्धि हुई। 2010-11 में ऋण राशि ₹53.934 करोड़ थी जो 2011-12 में बढ़कर ₹63,873 करोड़ रही। यह बढ़ोत्तरी खर्चीले थोक ऋण में कमी लाने और शुद्ध ब्याज आय मे बेहतरी लाने के परिणाम स्वरूप हुई। 2010-11 में शुद्ध ब्याज आय ₹2169.34 करोड़ थी, जिसमें14% की वृद्धि के फलस्वरूप 2011-12 में यह ₹2479 करोड़ रूपए रही। तथापि गिरावट (स्लीपेज) में वृद्धि और इसके लिए प्रावधान की वर्धित जरूरतों के कारण शुद्ध ब्याज मार्जिन में इस वर्ष 2 आधार बिंदु की मामूली सी गिरावट आई और पिछले वर्ष के 3.19% की तुलना में इस वर्ष यह 3.17% रहा।

हालांकि औद्योगिक माहौल ही ऐसा है-फिर भी अनर्जक आस्तियों की स्थिति और गिरावट (स्लीपेज) की स्थिति हमारी चिंता का कारण है। जब हमने इसके कारणों का विश्लेषण करने की कोशिश की तो दो कारक सामने आए - पद्धति चालित अनर्जक आस्ति, कुछ बड़ी राशि के खातों के मान में, ऐन वित्तीय वर्ष की समाप्ति के समय ही गिरावट, जिसके चलते इसमें लगभग ₹1000 करोड़ से अधिक राशि फंस गई। तथापि हम यह महसूस करते है कि इसका एक सकारात्मक पक्ष है सबसे छोटे स्थिर खाते तक की घोषणा करना और उसके लिए

MESSAGE TO SHAREHOLDERS

Dear Shareholders,

I am pleased to report the results which follow and which reflect an improved, solidly profitable 2011-12 at United Bank of India. Despite facing significant economic dilemmas, we reported sizeable growth in net income for the third consecutive year since listing, continue to recommend increased annual dividend to shareholders, and significantly strengthened our regulatory and tangible capital ratios. While the net income and earnings per share were higher than in the prior year, the gross business crossed ₹150,000 mark enabling us to graduate to a mid-sized bank.

Our Performance

Bank's diluted earnings per share last year were ₹14.38 and net interest income was ₹2169.34 crore. In 2010, diluted earnings per share were ₹10.18 and net interest income was ₹1391.22 crore. The improved performance was the direct result of a ₹310 crore increase in net interest income, ₹100 crore increase in non-interest income, and ₹144 crore decrease in the non performing assets through recovery and upgradation. The show would have been more colourful had we been able to contain slippages.

Like in previous years we continue to maintain high percentage of low cost deposits (40.8%) , reduce the share of high cost bulk deposits (from 23% to 18%), keep expenses on a tight leash (increase of 6.5%), raise and preserve capital (1.65 crore shares allotted to LIC) which all contributed to the improvement of the intrinsic strength of the Bank.

Reflecting a plodding economy and tempered loan demand by creditworthy customers, the deposits increased only modestly, by 14.4% to ₹89116 crore from ₹77845 crore in 2010-11. Loans, however, grew conventionally, up by 18.4%, to ₹63873 crore in 2011-12 from ₹53934 crore in 2010-11. That growth was the result of paring of more expensive wholesale borrowings and led to better net interest income of ₹2479 crore in 2011-12 that was up 14% from ₹2169.34 crore in 2010-11. However, due to increase in slippages and consequent provisioning requirements, the net interest margin was marginally down by 2 basis points to 3.17% this year, from 3.19% last year.

Though an industry phenomenon, yet the NPA position and slippages are matters of concern for us. When we tried to analyze the reasons, two factors came up – system driven NPA and a couple of large accounts slipping at the fag end of the financial year – together contributing more than ₹1000 crore during the year. However, we feel that the positive is that, having declared even the smallest of the sticky accounts and provided for the same, the Bank is intrinsically in a much sound position

प्रावधान करना। इसके कारण हमारे बैंक की वित्तीय स्थिति भीतर से काफी मजबूत है और यहाँ से हमारे आगे का रास्ता सिर्फ उपर की ओर ही जाता है।

गैर-ब्याज आय इस वर्ष बढ़कर ₹733 करोड़ हो गई। 2010-11 में यह आय ₹637 करोड़ हुई थी और इस वर्ष इसमें 15% की वृद्धि हुई। यह सुधार विनियम परिचालन, कमीशन, लेन-देन एवं दलाली तथा अन्य विविध मिली-जुली उच्चत्तर राजस्व आय के कारण हुआ। गैर-ब्याज आय में अवमंदित राजकोष आय भी है जिसका कारण है बढ़ती ब्याज दर और एक दायरे में बंधा स्टॉक मार्केट। कुल आय में से गैर-ब्याज आय का भाग कमतर है - इसके प्रति हम सजग हैं और हम इसका अनुपात बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं। यह प्रयास निकट भविष्य में अपने व्यवसाय पथ का विस्तार करते हुए और नए उत्पादों की शुरुआत करते हुए किया जाएगा।

प्रतिभूति सबंधी बैंक निवेश में हुए लाभ-नुकसान को छोड़कर कर-योग्य समकक्ष शुद्ध ब्याज आय की राशि से दक्षता अनुपात या गैर-ब्याज परिचालनगत व्यय को भाग देकर यह हिसाब किया जाता है कि यह बैंक ग्राहक-सेवा और राजस्व जनन पर कितना खर्च करता है। इसके अनुपात में सुधार हुआ है। 2011 में यह 49.8% था जबकि 2012 में यह 46.2% रहा।

उपर उद्धृत अर्जन एवं अन्य सुखदायी परिणामों की तरह यह बात भी राहत देनेवाली है कि यह सफलता हमें ऐसी स्थिति में मिली है जब आर्थिक स्थिति डावांडोल है, मुद्रास्फीति ऊँची है, ब्याज की दरें बढ़ती रही है और ऋण विस्तार मंद पड़ गया है। वास्तव में पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष के निष्पादन में सुधार का मतलब यह नहीं कि हम संतुष्ट हैं, हमारे लिए हमारी आकांक्षाएं और खासकर जिन ग्राहकों और जिन क्षेत्रों में हम अपनी सेवाएं दे रहे हैं, उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना अभी काफी-कुछ बाकी है। हम इस तथ्य से वाकिफ हैं कि प्रति शेयर अर्जन जो हमने पिछले साल किया था उसे हम इस साल नहीं कर पाए और समकक्षों की तुलना में आस्तियों पर प्रतिफल नहीं दे पाए।

तथापि पिछले वर्ष की निष्पत्ति और कठोर परिश्रम को मान्यता न देना और उपलब्धियों की चाहत न करना हमारे लिए उचित नहीं होगा।

2010 से प्रतिशेयर हमारे अर्जन में 50% से भी अधिक सुधार हुआ है और हमारे वार्षिक लाभांश में दो गुना से अधिक वृद्धि हुई। इससे हमें पूंजी निर्माण में मदद मिली। परिणाम स्वरूप हम अपने पूंजी आधार को बढ़ा सके, जोखिम भारित निधि अनुपात की स्थिति को मजबूत कर सके और सुधरे हुए मार्जिन के साथ ईक्विटी पर प्रतिफल सुधर कर 13.86% हो गया।

सीधे-सादे शब्दों में कहें तो हमारे जैसे किसी भी परम्परागत व्यावसायिक बैंक के कार्यनिष्पादन की कुंजी है दिए गए ऋण की लाभप्रदता। लंबे समय से चले आ रहे ऋण सिद्धांतों का अनुपालन हमारे लिए इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इन सिद्धांतों में शामिल है-ऋण दिए जाने का हमारा चयनित और पुख्ता दृष्टिकोण, प्रबंधन संबंधी हमारा सुदीर्घ अनुशासन, पूंजी का आबंटन और एक दक्ष परिचालन मानक को बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता- जो हमें उस बिरादरी में प्रतिस्पर्धी बने रहने की इजाजत देता है-जिसकी हम सेवा करते हैं। हम विभिन्न स्तरों पर ऋण समिति बनाए हुए हैं जो अपने काम से पूरी तरह वाकिफ है लेकिन वह सदैव समग्र ऋण नीति और उसके मानकों से निर्देशित होती है। ऐसी प्रत्येक समिति में ऋण के क्षेत्र में अनुभवी वरिष्ठ कार्यपालक और अनुभवी व्यावसायिक बैंकर शामिल हैं जो नियमित अंतराल पर बैठकों में मिलते हैं। इस दृष्टिकोण का महत्व इस तथ्य से भी पता चलता है कि हम अर्थव्यवस्था में मंदी के दौरान भी उन ग्राहकों को लगातार ऋण सुविधा देते रहे है जिन्हें हमने सुविधाजनक महसूस किया है।

financially and from here the only direction we are going to move is up.

Non-interest income rose to ₹733 crore last year, an increase of 15% from ₹637 crore in 2010-11. That improvement was attributable to the combination of higher revenues from income from exchange operations, commission, exchange & brokerage and miscellaneous other incomes. Reflected in noninterest income was subdued Treasury income due to rising interest rates and range bound stock markets. We are conscious that the share of non-interest income to total income is on the lower side and we are putting in extra efforts to improve the ratio by increasing the existing business-lines and introducing new products in the near future.

The efficiency ratio, or noninterest operating expenses divided by the sum of taxable-equivalent net interest income and noninterest income exclusive of gains and losses from bank's investment in securities measures how much the Bank spends to provide service to customers and to generate revenue. That ratio improved to 46.2% in 2012 from 49.8% in 2011.

As gratifying as it is, to report the earnings and other results cited above, it is relieving to keep in mind that such relative success came within a context of tumultuous economic conditions, high inflation, rising interest rates and subdued expansion of credit. Indeed, the improvement in our performance as compared to the previous years does not mean that we are content; our aspirations for ourselves and, especially, the customers and regions we serve, are far from realized. We are mindful, specifically, that we have not sustained last year's earnings per share and are yet to match on Return on Assets with our peers.

Nonetheless, it would not be candid on our part not to recognise the accomplishments and hard-works of the past year, and cherish the achievements.

Our earnings per share improved by more than 50% since 2010 and exceeded our annual dividend by more than two times, allowing us to build capital. As a result, we could augment our capital base, strengthen our CRAR position and with improved margins our return on the equity improved to 13.86%.

In the simplest sense, the key to the performance of any traditional commercial bank such as ours is the profitability of the loans it makes. In our case, adherence to a number of long-held lending principles stands out as having played an important role. These include: our selective and sound approach to extending credit, our longstanding discipline regarding the management and allocation of our capital, and our commitment to maintaining an efficient operating model that allows us to remain competitive in the communities we serve. We maintain loan committees at various levels, each deeply familiar with their own backyards but always guided by our overall credit policies and standards. Each committee is comprised of senior credit executives, and experienced commercial bankers who meet at regular intervals. The value of this approach is reflected in the

दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा निष्पादन कुछ पहलों की सत्यता को वैधता प्रदान करता है, जिनमें शामिल है – थोक जमा पोर्टफोलियो को जानबूझ कर कम करना, कासा को हमेशा 40% से उपर रखना, व्यवसाय पर बेहतर नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रों को छोटा करके रखना, खुदरा व्यवसाय हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों में खुदरा व्यवसाय केन्द्र (हब) खोलना, केन्द्रीकृत प्रसंस्करण के अवधारणा की शुरूआत करना, अपनी वेबसाइट को लगातार अद्यतन करते हुए वैकल्पिक परिदान माध्यम को मजबूत बनाना, इ–लाउंज बैंकिंग अवधारणा की शुरुआत करना और पूंजी क्षेत्र से बाहर शाखाओं की संख्या बढ़ाना।

शुद्ध आय के जिस स्तर का हमने उपर उल्लेख किया है वह केवल ऋण की गुणवत्ता और शुद्ध ब्याज आय पर ही निर्भर नहीं है बल्कि खर्च पर सतत् ध्यान देते हुए उसे अपने नियंत्रण में रखने पर भी निर्भर है। इस संबंध में हमारा परिणाम भी यह दर्शाता है कि परिचालनगत लागत की दिशा में उठाए गए हमारे कदमों में सुधार आया है – जिसकी जरूरत अर्जित राजस्व का प्रत्येक ₹100/- अर्जन करने में पड़ती है और जिसे दक्षता–अनुपात (इफीसिएंसी रेशियो) कहा जाता है। यह लागत जो पिछले साल 18.62% थी वह कम होकर 15.91% हो गयी है। समग्रत: उत्पादकता में वृद्धि के कारण हम इस स्थिति में पहुँचे हैं कि और प्रतिस्पर्धी सेवा प्रदान कर सकें और आर्थिक अनिश्चितता की शक्तियों के विरूद्ध अपने निवेशकों को सुरक्षा प्रदान कर सकें।

मैं यह भी रेखांकित करना चाहूँगा कि ऋण की गुणवत्ता, विवेकपूर्ण पूंजी आबंटन और प्रबंधन तथा दक्षता को संकुचित अर्थ में वित्तीय ढिलाई और इसके परिणाम के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि ये हमारे व्यवसाय के पुराने और स्थापित मार्ग से ही पैदा हुए हैं और उस परम्परा की उपज हैं जिसकी बदौलत वर्ष – दर – वर्ष लगातार सकारात्मक वित्तीय परिणाम आ रहे हैं। फलत:यह श्रेय किसी संस्था के उस संस्कार को जाता है जो उस अनुभवी कार्यदल की परिश्रमशीलता को प्रेरित करता है और जिसकी सफलता का वह प्रतीक है। परम्परागत तौर पर यु बी आई कर्मचारी–जिसका पूरा कैरियर इस बैंक में बीता होता है– आजीवन एक कट्टर बैंकर बना रहता है।

हम उस समुदाय के प्रति सदैव संवेदनशील बने रहते हैं – जिसकी सेवा में हम लगे होते हैं और समग्रत: मानवता के उत्थान में योगदान देने की चेष्टा करते हैं। सामाजिक सोपान की सबसे निचली पायदान पर जीवन यापन कर रहे लोगों के जीवन–स्तर में सुधार की हमारी प्रतिबद्धता हमारे कुछ पहलों से झलकती है, जैसे मणिपुर राज्य के सुदूरवर्ती गाँवों में नल–कूप लगवाना, पश्चिम बंगाल के 24 परगना दक्षिण जिले के एक सर्वाधिक दूरस्थ भाग के स्कूल के कमरों की छत को पक्का करवाना और 24 परगना उत्तर जिले में एक आवासीय किसान प्रशिक्षण केन्द्र का निर्माण करवाना। पर्यावरण संबंधी खतरों के विरूद्ध सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता यह है कि हम ऐसे किसी उद्योग का वित्तपोषण नहीं करते जो वायुमंडल की ओजोन परत को क्षतिग्रस्त करता हो। हम उन्हीं औद्योगिक इकाइयों को ऋण देते हैं जिन्हें पर्यावरण निर्बाधन–प्रमाण–पत्र प्राप्त हो। यह हरियाली के लिए सरकार की ओर से की गई पहल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है।

भारतीय बैंकिंग परिदृश्य

3 मई 2011 को घोषित वार्षिक मौद्रिक नीति ऐसी स्थितियों के मद्देनजर बनायी गई जो पिछले वर्ष से सर्वथा भिन्न थी। 2010-11 की मौद्रिक नीति का लक्ष्य था आपूर्ति जनित मुद्रास्फीति के विस्तार को अवरूद्ध करने की कोशिश करते हुए सतत वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति से उबरना। 2010-11 की अंतिम तिमाही में मुद्रास्फीति में फिर से तेजी चिंता का कारण बन गयी। 2011-12 की मौद्रिक नीति के निर्णय के पीछे निम्नलिखित उद्देश्य थे:

fact that we continued to extend credit to customers whom we felt comfortable with, consistently through the downturn of the economy.

Our performance, in other words, is a validation of the veracity of few initiatives taken – consciously reducing the bulk deposit portfolio, religiously maintaining CASA above 40%, breaking the regions into smaller ones for ensuring better control over business, creating hubs across the regions for retail business, introducing the concept of centralized processing, strengthening our alternate delivery channels by continuous upgrading our website and introducing e-lounge banking concept and increasing share of branches outside East.

The level of net income which we have reported depends not only on credit quality and net interest income, but also on our ongoing attention to the control of expenses. In this regard, our results reflected, too, an improvement in the measure of operating costs required to produce each ₹100 revenue, known as the efficiency ratio — which fell from 18.62% to 15.91%. In the aggregate, our increase in productivity allowed us to provide banking services more competitively and cushion our investors from the force of the economic uncertainty.

Let me underscore that the results noted above — as regards credit quality, prudent capital allocation and management, and efficiency — should not be understood narrowly as the result of responses to the financial slackness and its consequences. Rather, they are the product of our long-established way of doing business — of a culture which has led to a consistently positive financial performance over the years. In turn, that culture is attributable to a organization that inspires the diligence of the experienced workforce which epitomizes our success. Typically, a UBI employee is a lifetime hardcore banker who has been with the Bank throughout his career.

We have always been sensitive about the community we serve and tried to contribute to the upliftment of the humanity at large. Our commitment to improve the standards of living of those at lowest strand of the social pyramid is manifested by some of our initiatives like installation of water hand pumps in remote villages of Manipur, construction of concrete roof of the class rooms in the remotest parts of 24 Parganas (South) district and construction of Residential Farmers' Training Centre in 24 Parganas (North) district in West Bengal. Our obligation towards protection of environmental hazards remain in our resolve in not taking exposure in any ozone depleting industry, providing credit to industrial units only after obtaining environmental clearance and our commitment to the green initiatives of government.

Indian Banking Environment

The Annual Monetary Policy for 2011-12 announced on May 3, 2011 was set in conditions significantly different from those a year ago. For 2010-11, the goal for monetary policy was to nurture the recovery in the face of persistent global uncertainty, while trying to contain the spill-over of supply side inflation. The resurgence of inflation in the last quarter of 2010-11 became a

- एक ऐसे ब्याज दर परिवेश को बरकरार रखना जिससे मुद्रास्फीति कम हो और मुद्रास्फीति जनित उम्मीदों पर अंकुश लगे।
- ऐसी मूल्य-स्थिरता को प्रश्रय मिले जो वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ मध्यावधि विकास को बरकरार रखने में सहायक हो।
- नकदीकरण का प्रबंध हो सके ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह सामान्यत: संतुलित रहे, न तो बड़ा अधिशेष हो जिससे मौद्रिक पारेषण तनूकृत हो जाए न ही कोई घाटा (डेफीशिट) रह जाए जिससे निधि का प्रवाह अवरूद्ध हो जाए।

नकदी समायोजन सुविधा (एल ए एफ) के तहत रेपोरेट में 50 आधार बिंदु दर पर बढ़ोत्तरी की गई ओर इसे 6.75% से बढ़ाकर 7.25% किया गया। तदनुरुप नयी परिचालन पद्धति के अनुसार नकदी समायोजन के तहत रिवर्स रेपो दर रेपो दर से 100 आधार बिंदु नीचे निश्चित की गई और 6.25% पर समायोजित की गई। मार्जिनल आपाती सुविधा (एम एस एफ) दर रेपो दर से 100 आधार बिंदु उपर विस्तार सहित निश्चित की गई और उसे 8.25% रखा गया। बैंक दर को अपरिवर्तित रखा गया और वह 6% ही रहने दिया गया। इसी तरह प्रारक्षित नकदी अनुपात (सी आर आर) भी अनुसूचित बैंको की शुद्ध मांग और समय देयता (एन डी टी एल) का 6% पर ही पूर्ववत रहने दिया गया।

कुछ अन्य उपायों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह तय किया कि 03 मई 2011 से बचत बैंक खाते पर ब्याज की दर 3.5% से बढ़ाकर 4% कर दी जाए।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने मोटे तौर पर अतिलघु वित्तीय संस्थानो के विनियमन ढाँचे पर मालेगम समिति की अनुशंसा को स्वीकार कर लिया है।
- 01 अप्रैल 2011 और इसके बाद से सभी अतिलघु वित्तीय संस्थानों और इसी रूप में काम कर रहे गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को दिए गए बैंक ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण के रूप में वर्गीकृत किए जाने योग्य घोषित किए गए किंतु ऐसा वर्गीकरण केवल तभी मान्य होगा जब वे संस्थान और कंपनियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बनाए गए विनियम का पूरी तरह पालन करती हों।
- मालेगम समिति की अनुशंसा के अनुरूप भारतीय रिज़र्व बैंक ने प्राथमिकात प्राप्त क्षेत्र ऋण के वर्गीकरण हेतु एक समिति नियुक्त करने का निर्णय लिया है।
- वित्तीय समावेशन पहल को चलाने के लिए एक वृहद लक्ष्य निर्धारित किया गया ताकि मार्च 2012 तक ऐसे सभी गाँवों में बैंकिंग सुविधा सुलभ हो सके जिसकी आबादी 2000 से अधिक है। इसके लिए ऐसे गाँवों की पहचान की गई। बैंकों को सलाह दी गई कि वे यह सुनिश्चित करें कि 2011-12 में खोली जानेवाली शाखाओं में से कम से कम 25% शाखाए टीयर 5 और टीयर 6 केन्द्रों में खोली जाएं।
- सरकारी प्रतिभूतियों की अल्प विक्रय अवधि को 5 दिनों से बढ़ाकर अधिकतम तीन महीने किया गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों को अनुमति दी गई कि वे वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में अपने पोर्टफोलियो के बाजार-मूल्य का 10% तक रद्द कर सकते हैं और पुन: खरीद सकते हैं।

matter of concern. The overall stance of the monetary policy in 2011-12 was intended to:

- Maintain an interest rate environment that moderates inflation and anchors inflation expectations.
- Foster an environment of price stability that is conducive to sustaining growth in the medium-term, coupled with financial stability.
- Manage liquidity to ensure that it remains broadly in balance, with neither a large surplus diluting monetary transmission nor a large deficit choking off fund flows.

The repo rate under liquidity adjustment facility (LAF) was increased by 50 basis points from 6.75% to 7.25%. Accordingly, as per the new operating procedure, the reverse repo rate under LAF, determined with a 100 basis points spread below repo rate, was adjusted at 6.25%. The Marginal Standing Facility (MSF) rate, determined with a spread of 100 basis points above the repo rate, was calibrated at 8.25%. The Bank rate was kept unchanged at 6%. Similarly, the Cash Reserve Ratio (CRR) was also kept unchanged at 6% of net demand and time liabilities (NDTL) of scheduled banks.

Some of the other measures included:

- Reserve Bank of India decided to increase the savings bank deposit interest rate from 3.5% to 4.0% with effect from 3rd May, 2011.
- Reserve Bank of India broadly accepted the framework of regulations of Micro Finance Institutions (MFIs) recommended by the Malegam Committee.
- Bank loans to all MFIs, including NBFCs working as MFIs on or after April 1, 2011 were made eligible for classification as priority sector loans only if they conform to the regulations formulated by the Reserve Bank.
- As recommended by the Malegam Committee, the Reserve Bank has also decided to appoint a Committee to review the priority sector lending classification.
- A broad goal driving financial inclusion initiative was set to provide banking access to all villages with population over 2000 by March 2012. 72,800 villages were identified into this category. Banks were advised to ensure that at least 25% of the new branches being opened during the year 2011-12 are located in tier 5 and tier 6 centres.
- Period of short sale in government securities was extended from five days to a maximum of three months.
- FIIs will be allowed to cancel and rebook up to 10% of the market value of the portfolio as at the beginning of the financial year.

- कुछ वर्ग के अनर्जक आस्ति ऋणों और पुनर्गठित ऋणों पर प्रावधान की जरूरत बढ़ाई जाएगी।

- ऋण उन्मुख म्यूचूअल फंडों की नकदी योजनाओं में बैंक द्वारा निवेश की सीमा पूर्ववर्ती वर्ष के 31 मार्च को अपनी शुद्ध मालियत के 10% की विवेकपूर्ण सीमा तक ही सीमित होगी।

भारतीय रिज़र्व बैंक के खंडवार आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि विभिन्न सेवाओं का प्रस्ताव देने वाली कंपनियों को बैंक ऋण दिए जाने में पिछले वर्ष की तुलना में 2011-12 में कमी दिखी। 2011-12 में सेवा क्षेत्र में बैंक ऋण में महज 14.7% की वृद्धि देखी गई जबकि 2010-11 में यह 23.9% थी। सेवा क्षेत्र के भीतर वित्तीय सेवा प्रदाता, व्यावसायिक एवं रियल इस्टेट कंपनियों में विकास सबसे धीमा रहा। पिछले वर्ष लगभग 54% की दर से विकसित वित्तीय कंपनियों के वित्तपोषण की रफ्तार की तुलना में 2011-12 में वित्तपोषण में महज 26.3% की वृद्धि हुई। 2011-12 में आर्थिक विकास में मंदी की छाया कंपनियों को दिए गए बैंक ऋण पर भी दिखी और इससे मात्र 17.0% की वृद्धि देखी गई जबकि पिछले वर्ष यह पर 26.6% थी। विनिर्माण कंपनियों में, आधारभूत उद्योग के क्षेत्र में ऋण की रफ्तार सर्वाधिक प्रभावित हुई और ऐसी परियोजनाओं में यह वृद्धि 2011-12 में मात्र 17.6% रही जबकि पिछले वर्ष यह 38.6% थी।

निष्कर्ष :

और अंत में, इस लिखित संदेश और इस गतिमान, स्पंदनशील, संवेदनशील, बहुरंगी बैंकिंग उद्योग में लगभग 40 वर्षों के अपने सफर से मुझे परितृप्ति की अनुभूति हो रही है कि हम एक अविजित बुनियाद पर टिके हैं। हमारी मानसिकता अब इतनी महात्वाकांक्षी है कि हम किसी विकास का सपना देख सकें, वह इतनी मजबूत है कि किसी सपने को साकार कर सके, इतनी लचीली है कि किसी भी चुनौती को स्वीकार कर सके और इतनी निपुण है कि खुद को किसी भी परिवर्तन के अनुकूल बना ले। आप सबों की शुभकामना, पूरी टीम के कठिन परिश्रम और सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्ग दर्शन में आज हम मजबूत, सक्षम, ज्ञानवान, स्मार्ट और नवोन्मेषी बैंक हैं-वह बैंक जो **यू** (यानी आप) से ही शुरु होता है।

हार्दिक शुभकामनाओं के साथ,

भास्कर सेन
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक: 05 मई 2012
स्थान : कोलकाता

- Provisioning requirements on certain categories of non-performing advances and restructured advances will be enhanced.

- Investments by banks in liquid schemes of debt oriented mutual funds will be subject to a prudential cap of 10% of their net worth as on March 31 of the previous year.

Credit offtake by banks to companies offering various services showed a marked deceleration in 2011-12 compared with the previous financial year, the RBI's sectoral data showed. Banks' lending to the services sector grew by just 14.7% in 2011-12 compared with 23.9% in 2010-11. Within services, loans to companies offering financial services and commercial real estate grew the slowest. Credit to finance companies grew just 26.3% in 2011-12 after growing at a scorching pace of around 54% the previous year. Reflecting the slowdown in the economic growth during 2011-12, bank credit to companies grew by 17.0%, down from 20.6% the previous year. Among manufacturing companies, credit offtake to infrastructure was hit the most and loans to such projects grew by just 17.6% during 2011-12 as against 38.6% in 2010-11.

Conclusion

As I end, this missive and my journey spanning almost 4 decades in this dynamic, vibrant, sensitive and colourful banking industry, it gives me a sense of satiety that today we are on an inexpugnable foundation with a psyche, ambitious enough to dream any growth, strong enough to achieve any dream, resilient enough to accept any challenge and nimble enough to acclimatize to any change. With all your good wishes, hardwork of the entire team, and support and guidance of the Government and Reserve Bank of India, today we are a confident, efficient, knowledgeable, smart and innovative Bank – the Bank that begins with U!

With warm wishes

Bhaskar Sen
Chairman & Managing Director

Date : May 5th 2012
Place : Kolkata.

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
प्रधान कार्यालय:युनाइटेड टावर
11, हेमंत बसु सरणी
कोलकाता - 700 001

सूचना

सूचना दी जाती है कि युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियम 2010 के विनियम 48 के अनुसार युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया के शेयरधारकों को तीसरी वार्षिक आम सभा शुक्रवार दिनांक 29 जून 2012 को पूर्वाह्न 10.30 बजे भाषा भवन सभागार, राष्ट्रीय पुस्तकालय, बुलबेडियर रोड, अलीपुर, कोलकाता - 700 027 में होगी जिसमें निम्नांकित विषय शामिल होंगे।

1. 31 मार्च, 2012 को समाप्त वर्ष के बैंक के तुलन पत्र, लाभहानि खाता के जरिए प्रदर्शित बैंक के कार्यकलापों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट और तुलन-पत्र और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा, उसका अनुमोदन और अंगीकार करना।

2. ईक्विटी शेयर पर वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए लाभ घोषणा करना।

निदेशक मंडल के आदेश से

बिक्रमजित सोम
कंपनी सेक्रेटरी

दिनांक : 5 मई, 2012
स्थान : कोलकाता

टिप्पणी :

1. प्रतिनिधि की नियुक्ति

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010 के विनियम 62 के अनुसार एक शेयरधारक बैठक में उपस्थित होने एवं वोट देने का हकदार है एवं अपने बदले उपस्थित होने एवं मत देने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का भी उसे हक है एवं ऐसे प्रतिनिधि को बैंक का शेयरधारक होने की आवश्वकता नहीं है।

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010 के विनियम 62(11) के अनुसार प्रतिनिधि फार्म को प्रभावी रहने के लिए उसे बैठक की तारीख से कम से कम चार दिन पहले बैंक के पास पहुंच जाना चाहिए। प्रतिनिधि फार्म को प्रभावी रहने के लिए उसे बैंक के शेयर विभाग एवं निवेशक शिकायत कक्ष, प्रधान कार्यालय, हेमंत बसु सरणी, चौथा तल, कोलकाता - 700001 में 23 जून 2012 शनिवार को कारोबार समय की समाप्ति से पहले (अपराह्न 1:45) तक अवश्य प्राप्त होना चाहिए।

तथापि उस प्रकार से नियुक्त प्रतिनिधि को बैठक में बोलने का अधिकार नहीं होगा।

UNITED BANK OF INDIA
HEAD OFFICE: UNITED TOWER
11 HEMANTA BASU SARANI
KOLKATA – 700001

NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN that pursuant to Regulation 48 of the United Bank of India (Shares & Meetings) Regulation 2010, the third Annual General Meeting of the shareholders of UNITED BANK OF INDIA will be held on Thursday, June 28th 2012, at 10.30 A.M. at Bhasha Bhavan Auditorium, National Library, Belvedre Road, Alipore, Kolkata-700027 to transact the following business:-

1. To discuss, approve and adopt the Balance Sheet, Profit & Loss Account of the Bank as at and for the year ended 31st March, 2012, the Report of the Board of Directors on the workings and activities of the Bank for the period covered by the Accounts and the Auditor's Report on the Balance Sheet and Accounts.
2. To Declare Dividend on Equity Shares for the Financial Year 2011-12.

By order of the Board of Directors

Bikramjit Shom
Company Secretary

Date : May 5th, 2012
Place : Kolkata

NOTES:

1. APPOINTMENT OF PROXY

PURSUANT TO REGULATION 62 OF THE UNITED BANK OF INDIA (SHARES & MEETINGS) REGULATIONS 2010, A SHAREHOLDER ENTITLED TO ATTEND AND VOTE AT THE MEETING, IS ALSO ENTITLED TO APPOINT A PROXY TO ATTEND AND VOTE INSTEAD OF HIMSELF/ HERSELF, AND SUCH A PROXY NEED NOT BE A SHAREHOLDER OF THE BANK.

IN TERMS OF REGULATION 62(II) OF THE UNITED BANK OF INDIA (SHARES & MEETINGS) REGULATIONS 2010, THE PROXY FORM IN ORDER TO BE EFFECTIVE MUST BE RECEIVED BY THE BANK AT ITS SHARE DEPARTMENT & INVESTORS GRIEVANCE CELL, AT HEAD OFFICE, 11, HEMENTA BASU SARANI, 4TH FLOOR, KOLKATA – 700 001 NOT LESS THAN **FOUR DAYS** BEFORE THE DATE OF THE MEETING I.E. ON OR BEFORE THE CLOSING BUSINESS HOURS(1:45P.M.) OF **SATURDAY, JUNE 23RD 2012.**

However a proxy so appointed shall not have any right to speak at the meeting.

बैंक के पास जमा किया गया प्रतिनिधि-प्रपत्र अपरिवर्तनीय एवं अंतिम होगा।

An instrument of proxy deposited with the Bank shall be irrevocable and final.

यदि प्रतिनिधि-प्रपत्र वैकल्पिक रूप से दो अनुदानग्राहियों के पक्ष में मंजूर किया जाता है तो इसके लिए एक ही फार्म तैयार किया जाएगा।

In case an instrument of proxy is granted in favour of two grantees in the alternative, not more than one form shall be executed.

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010 के विनियम 62(vi) के तहत प्रतिनिधि के लिखत के अनुदानदाता को बैठक में व्यक्तिगत रूप में वोट देने का हक नहीं होगा जो उसे लिखत से संबधित है।

The grantor of an instrument of proxy under Regulation 62(vi) of the United Bank of India (Shares & Meetings) Regulations 2010 shall not be entitled to vote in person at the meeting to which such instrument relates.

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया का कोई कर्मचारी अथवा अधिकारी प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त नहीं हो सकेगा।

No person shall be appointed as a Proxy who is an employee or officer of United Bank of India.

2. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

2. APPOINTMENT OF AN AUTHORISED REPRESENTATIVE

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010 के विनियम 61 के अनुसार यथास्थिति केंन्द्रीय सरकार अथवा कंपनी शेयरधारक संकल्प द्वारा अपने किसी प्राधिकारी को अथवा किसी व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि प्राधिकृत करता है तो वह प्राधिकृत व्यक्ति उस केन्द्रीय सरकार या कंपनी को ओर से उसी अधिकार का प्रयोग करने का हकदार होगा जिसका वह प्रतिनिधि है, मानों वह बैंक का वैयक्तिक शेयरधारक हो।

PURSUANT TO REGULATION 61 OF THE UNITED BANK OF INDIA (SHARES & MEETINGS) REGULATIONS 2010, A SHAREHOLDER, BEING THE CENTRAL GOVERNMENT OR A COMPANY, MAY BY A RESOLUTION, AS THE CASE MAY BE, AUTHORISE ANY OF ITS OFFICIALS OR ANY OTHER PERSON TO ACT AS ITS REPRESENTATIVE AT ANY GENERAL MEETING OF THE SHAREHOLDERS AND THE PERSON SO AUTHORISED SHALL BE ENTITLED TO EXERCISE THE SAME POWERS ON BEHALF OF THE CENTRAL GOVERNMENT OR COMPANY WHICH HE REPRESENTS AS IF HE WERE AN INDIVIDUAL SHAREHOLDER OF THE BANK.

उक्त प्रकार से दिया गया प्राधिकार वैकल्पिक रूप में दो व्यक्तियों के पक्ष में हो सकता है तथा उस स्थिति में उनमें से कोई एक व्यक्ति केन्द्रीय सरकार अथवा कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर सकता है।

The authorization so given may be in favour of two persons in the alternative and in such a case any one of such persons may act as the duly authorized representative of the Central Government or Company.

युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन 2010 के विनियम 62 (ii) के अनुसार काई भी व्यक्ति बैंक के शेयरधारकों की किसी भी बैठक में कंपनी को विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में तब तक भाग नहीं लेगा अथवा वोट नहीं देगा जबतक कि उसे विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति के संकल्प की एक सत्य प्रतिलिपि उसके विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बैठक, जिसमें वह पारित किया गया था, के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित करके बैंक के शेयर विभाग एवं निवेशक शिकायत कक्ष, प्रधान कार्यालय, चौथा तल, 11 हेमंत बसु सरणी, कोलकाता – 700 001 में शनिवार, 23 जून 2012 को कारोबार अवधि की समाप्ति से पहले (अपराह्न 1:45) तक उससे पहले जमा न की गई हो।

IN TERMS OF REGULATION 62(II) OF THE UNITED BANK OF INDIA (SHARES & MEETINGS) REGULATIONS 2010, NO PERSON SHALL ATTEND OR VOTE AT ANY MEETING OF THE SHAREHOLDERS OF THE BANK AS THE DULY AUTHORISED REPRESENTATIVE OF THE COMPANY UNLESS A COPY OF THE RESOLUTION APPOINTING HIM AS THE DULY AUTHORISED REPRESENTATIVE CERTIFIED TO BE A TRUE COPY BY THE CHAIRMAN OF THE MEETING AT WHICH IT WAS PASSED SHALL HAVE BEEN DEPOSITED TO THE BANK AT ITS SHARE DEPARTMENT & INVESTORS GRIEVANCE CELL, AT HEAD OFFICE, 11, HEMENTA BASU SARANI, 4TH FLOOR, KOLKATA – 700 001 NOT LESS THAN **FOUR DAYS** BEFORE THE DATE OF THE MEETING I.E. ON OR BEFORE THE CLOSING BUSINESS HOURS (1:45 P.M.) OF **SATURDAY, JUNE 23RD 2012.**

3. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पत्र

3. ATTENDANCE SLIP-CUM ENTRY PASS

शेयर धारकों की सुविधा हेतु वार्षिक रिपोर्ट में उपस्थित पर्ची-सह-प्रवेश पत्र संलग्न है। शेयर धारकों/प्रतिनिधि धारक/प्राधिकृत प्रतिनिधियों से अनुरोध किया

For the convenience of the shareholders, attendance slip-cum-entry-pass is annexed to the Annual Report. Shareholders/ Proxy holders/ Authorised Representatives are requested to fill in and

जाता हे कि इसे भरें तथा हस्ताक्षर हेतु दिए गए स्थान पर अपना हस्ताक्षर करके बैठक के स्थान पर इसे सौप दें। शेयर धारकों के प्रतिनिधि/प्राधिकृत प्रतिनिधियों को अपने उपस्थिति-सह-प्रवेश पत्र पर प्रतिनिधि अथवा प्राधिकृत प्रतिनिधि जो भी स्थिति हो, का उल्लेख करना चाहिए।

4. (क) शेयरधारकों का रजिस्टर बंद होना

स्टॉक एक्सचेंज के लिस्टिंग एग्रीमेंट के खंड 16 एवं युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया (शेयरों एवं बैठकों) विनियमन, 2010 के विनियमन 12 के प्रावधानों के अनुसरण में शनिवार, 16 जून, 2012 से वृहस्पतिवार, 28 जून, 2012 तक (दोनों दिन शामिल हैं) बैंक के शेयर धारकों के रजिस्टर तथा शेयर अंतरण बही वार्षिक आम सभा एवं बैंक द्वारा घोषित शेयर धारकों को प्राप्त होने वाले लाभांश के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

5. लाभांश भुगतान

5 मई, 2012 को हुई निदेशक मंडल की बैठक में निदेशक मंडल ने प्रति रू.10/- के ईक्विटी शेयर पर रू.2.40 के लाभांश की अनुशंसा की है जिसकी घोषणा वार्षिक आम सभा में शेयरधारकों द्वारा की जानी है। अत: शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे रू.10/-प्रति ईक्विटी शेयर रू.2.40/-के लाभांश की घोषणा करें।

वार्षिक आम सभा में यदि शेयरधारकों द्वारा लाभांश की घोषणा की जाती है तो वह लाभांश उन शेयरधारकों को दिया जाएगा जिनके नाम

क) शुक्रवार 15 जून, 2012 को व्यवसाय की बंदी के समय हिताधिकारी स्वामी के रूप में एन एस डी एल/सी डी एस एल द्वारा दी गई सूची के अनुरूप और इलेक्ट्रोनिक रूप में उनके नाम रखे गए शेयरों के संबंध में होंगे और

ख) शुक्रवार 15 जून, 2012 को शेयरधारकों की बहीं में, मूर्त रूप में धारित अपने शेयरों को जब शेयरधारक वैध तरीके से शुक्रवार 15 जून, 2012 तक अंतरित करने का अनुरोध करे और उसके अनुरोध को प्रभावकारी कर दिया गया हो।

ऐसे शेयरधारको को उनका लाभांश यह बैंक पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट लिक इन टाइम प्रा. लिमिटेड के माध्यम से, शेयरधारकों के पंजीकृत पते पर लाभांश की घोषणा के 30 दिनों के भीतर भेज दिया जाएगा।

6. लाभांश वारंट में/इलेक्ट्रोनिक निधि अंतरण में बैंक खाता का ब्यौरा

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने बैंकों के साथ-साथ सभी सूचीबद्ध कंपनियो के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि लाभांश का वितरण करते समय और विभिन्न इलेक्ट्रोनिक धन प्रेषण सुविधाओं का उपयोग करते समय वे शेयरधारकों द्वारा दिए गए उनके बैंक खाता संबंधी ब्यौरे का उल्लेख लाभांश वारंट पर कर दें। जिन मामलों में इलेक्ट्रनिक सुविधा दिया जाना संभव नहीं हो और जहाँ कुछ शेयरधारक यह सुविधा न ले रहे हों वहाँ बैंक लाभांश वारंट पर दिए गए बैंक के ब्यौरे को छपवा दे।

जो शेयरधारक अपना शेयर मूर्त रूप में रखे हुए है वे अपना बैंक अधिदेश (मैनडेट) इस बैंक के शेयर विभाग एवं निवेशक शिकायत कक्ष के पास अथवा इस बैंक के पंजीयक एवं शेयर अंतरण एजेंट मेसर्स लिक इन टाइम इंडिया प्रा. लिमिटेड के पास भेज सकते है ताकि संबधित अभिलेखों को अद्यतन किया जा सकें। जिन शेयरधारकों ने अपना शेयर अमूर्त रूप में रखा है वे इस संबंध में

affix their signatures at the space provided therein and surrender the same at the venue of the meeting. Proxy/Authorised Representatives of shareholders should state on their attendance slip-cum-entry pass as 'Proxy' or 'Authorised Representative' as the case may be.

4. CLOSURE OF REGISTER OF SHAREHOLDERS

